संक्षिप्त विज्ञापन

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

**क्रमांक: प.14(173)RSSB/अर्थना/वन विभाग/सीधी भर्ती/2025** **दिनांक :–यथाहस्ताक्षर**

## वन विभाग के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती –2025

बोर्ड द्वारा वन विभाग राजस्थान के लिये राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा नियम, 2015 यथासंशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत वनपाल के पदों पर समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)– 2024 में योग्य घोषित अभ्यर्थियों से एवं वनरक्षक, सर्वेयर के पदों पर भर्ती हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में विज्ञापन में वर्णित शर्तों एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन समस्त अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाने हैं :–

| क्र.सं. | पद का नाम | विज्ञापित पद | आयु (दिनांक 01.01.2026 को) | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वनपाल | 259 | न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष | पे मैट्रिक्स लेवल– 8 |
| 2 | वनरक्षक | 483 | न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 24 वर्ष | पे मैट्रिक्स लेवल–4 |
| 3 | सर्वेयर | 43 | न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष | पे मैट्रिक्स लेवल–5 |

**शैक्षणिक योग्यता:–**

**i.वनपाल के लिए:–**

(i) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सीनियर सैकण्डरी (10+2) या सरकार द्वारा उसके समतुल्य घोषित परीक्षा उत्तीर्ण

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

**ii.वनरक्षक के लिए:–**

(i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से माध्यमिक(10) या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

**iii.सर्वेयर के लिए:–**

(i) Senior Secondary (10+2) of a recognized Board with ITI Certificate in Civil Survey or Diploma in Civil Engineering from a recognized institution.

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।